# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार, 30 दिसंबर 2023


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


9 कबड्डी स्पर्धा के विजेताओं को मिली ट्रॉफी व नकद...



10 खरीदी केंद्रों में फटे बारदाने किसानों के लिए बनी..






## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ से नगर में वेदमंत्रों की गूंज, श्रद्धालुओं ने दीं आहुतियां

### यज्ञ के दौरान पुसंवन, विद्यारंभ, मुंडन, अन्नप्राशन जैसे संस्कार भी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ नगर के पुलिस परेड ग्राउंड में भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा ग्राउंड से रवाना होकर थाना चौक, मथाई चौक, मेनरोड से होता हुवा बस स्टैंड से आगे जिमदारिन मंदिर में जल यात्रा विधान पश्चात पुलिस परेड ग्राउंड यज्ञ स्थल पर वापसी पहुंची। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मांडवी ने अपने उदबोधन में कहा की युग निर्माण कि योजना का उद्देश्य मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती में स्वर्ग का अवतरण करना है। अपना सुधार ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है। रैली आगे शांतिकुंज हरिद्वार से पहुंचे टोली नायक योगेश पटेल, सह टोली नायक रामनारायण यादव तथा संगीत टोली में महादेव साहू, अभिषेक वैष्णव, हंसराज ने कलश यात्रा की आरती की। युग संदेश में सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा की सत्संग से ही मनुष्य की दशा और दिशा तय होती है । मनुष्य जीवन दुर्लभ है इसे सही दिशा में नियोजित किया जाय। यज्ञ के द्वितीय दिवस का प्रारंभ चौबीस कुंडीय गायत्री महायज्ञ से प्रारंभ किया गया। वेद मंत्रों से सर्वतोभद पूजन, कलश पूजन, गुरु, गायत्री आव्हान किया गया । 63 जोड़ी यजमान यज्ञ कुंडो में भागीदारी ▶▶|शेष पेज 9 पर






## खबर संक्षेप



### धनोरा में हुई मानसगान स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम धनोरा में रामचरितमानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्घाटन पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र की जनपद पंचायत सदस्य ममता साहू ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला टोमन लाल साहू, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति स्वं डारन बाई तारण शासकीय महाविद्यालय गुरुर ओंकार महमल्ला, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमिटी गुरुर दुर्गु राम सिन्हा, अध्यक्ष व्यापारी संघ गुरुर मनोज कुमार सिन्हा, बुथ अध्यक्ष नरेश ठाकुर, बुथ अध्यक्ष धनोरा दाऊ लाल साहू सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन वा ग्रामवासी धनोरा उपस्थित थे।

### विक्षिप्त महिला को भेजा मानसिक रोग चिकित्सालय

**बालोद।** गुण्डरदेही पुलिस ने मानसिक विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए मानसिक रोग चिकित्सालय भेजा दिया है। जानकारी के अनुसार 28 दिसंबर को सरपंच ग्राम पंचायत चारभांठा संजय चन्द्राकर ने आवेदन देकर बताया कि मानसिक विक्षिप्त महिला चारभांठा थाना गुण्डरदेही जिला बालोद निवासी रेवती महार पति स्व.बंशीलाल 38 साल निवासी अपनी एक सात वर्ष की लड़की भारती के साथ निवास स्थान पर रहती है। विगत चार वर्षों से पागलों सी हरकत कर रही है। बच्ची एवं ग्रामवासियों के साथ मारपीट करती है। जिसकी देखरेख करने के लिए परिवार में कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। समय पर विक्षिप्त महिला को इलाज नहीं मिल पाने पर इधर उधर भटक रही है। जिसकी जानकारी के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट गुण्डरदेही न्यायालय मे आवेदन पेश कर विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए मानसिक रोगी अस्पताल सेंदरी बिलासपुर रवाना किया गया। कार्रवाई में अरविंद साहू, आरक्षक सुमित पटेल, अर्णिका ठाकुर का योगदान रहा।

### ग्राम कुलिया में 5 से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**गुरूर।** ग्राम कुलिया में समस्त ग्रामवासी के तत्वधान में 5 से 12 जनवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयेजन किया गया है। जहां कथावाचक बाल विदुषी विजय उर्मिला (बिलासपुर) होंगी। ग्रामीणों व आयोजकों ने आसपास के ग्रामीणों से इस ज्ञानयज्ञ में शामिल होने की अपील की है।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 को

**गुरूर।** तहसील स्तरीय ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 जनवरी को रखा गया है। जहां आधार कार्ड, बैंक पासबुक का फोटो कापी एवं वार्षिक चंदा के साथ उपस्थिति देना है। संपूर्ण जानकारी सूरज राम लावत्रे के द्वारा दिया गया।

### बोरतरा में मानसगान का आयोजन 3 से

**गुरूर।** ग्राम बोरतरा में 3 एवं 4 जनवरी को दो दिवसीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन नव ज्योति मानस आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में किया गया है। जिसमें 10 से अधिक मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। उक्त जानकारी आयोजक समिति अध्यक्ष शिवकुमार सिंहा ने दी।

### पेंशनर्स समाज दिवस आज

**भिलाई।** छग पेंशनर्स समाज पाटन की कार्यकारिणी की बैठक में शनिवार को पेशनर्स समाज भवन में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। समाज के अध्यक्ष हीरा सिंह वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा।

**चुनौती :** जिले में हैं 1 लाख 49 हजार पंजीकृत किसान

## 22 दिन में 58 हजार किसानों से 30 लाख क्विंटल धान खरीदी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अब आने वाले साल में होगी। बचे हुए हजारों पंजीकृत किसान नए साल 2024 में अपना धान शासन को बेचेंगे। साल 2023 में 1 नवंबर को शुरू हुए धान खरीदी कार्य को दो माह बीतने वाला है।

दिसम्बर माह में अंतिम बार शुक्रवार को धान खरीदी हुई, वहीं आज शनिवार होने और कल रविवार होने के कारण धान खरीदी नहीं होगी। दो दिन बाद नए साल 2024 की शुरुआत होगी। सोमवार को नए साल का पहला दिन रहेगा। आपको बता दें कि आगामी 31 जनवरी को धान खरीदी का अंतिम दिन रहेगा, ऐसे में जनवरी माह में भी किसानों को धान बेचने के लिए मात्र 22 दिनों का ही समय मिला है। जबकि बचे हुए 9 दिनों में 1 दिन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस तथा शनिवार और को शासकीय अवकाश के कारण खरीदी बंद रहेगी। जिला से लेकर प्रदेश भर में भी धान खरीदी का टारगेट अगर पूरा नहीं ▶▶|शेष पेज 9 पर



### कलेक्टर ने किया धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण





**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शुक्रवार को जिले के बालोद विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र करहीभदर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से धान खरीदी केंद्र करहीभदर में अब तक खरीदे गए कुल धान की मात्र एवं धान के उठाव के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर श्री शर्मा ने अपने धान की बिक्री हेतु धान खरीदी केंद्र में पहुंचे बुजुर्ग कृषक बालक धनकर एवं महिला कृषक निर्मला बाई सहित अन्य कृषकों को पौधा भेंटकर सम्मान भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मुजगहन के बुजुर्ग बालक धनकर से बातचीत कर उनका हालचाल भी जाना। श्री शर्मा ने किसानों को बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार के द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल 3100 रुपये की दर ▶▶|शेष पेज 9 पर

## एमए छत्तीसगढ़ी कर चुके सैकड़ों छात्र आज भी हैं बेरोजगार



### एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन के सदस्यों ने किया ओपी चौधरी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन वर्ष 2013 से छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के लिए कार्य कर रहा है तथा लगातार जनजागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को भाषा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। सन् 2007 में छत्तीसगढ़ी भाषा को संवैधानिक रूप से राज्य के राजभाषा का दर्जा प्राप्त हुआ और 2013 में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में पीजी कोर्स पठन-पाठन में शुरू किया गया। 2013 से आज तक लगभग 1400 छात्र एमए छत्तीसगढ़ी की डिग्री प्राप्त कर चुके है और बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। छात्र संगठन के संगठन महामंत्री विनय बघेल ने ओपी चौधरी से निवेदन किया कि एमए छत्तीसगढ़ी के सभी छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द रोजगार की व्यवस्था किया जाए। इस अवसर पर ऋतुराज साहू, संजीव साहू, हितेश तिवारी सौरभ शुक्ला, खेमराज, जिनेंद्र और गुलशन आदि उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षाएं एक मार्च से होंगी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा समय सारिणी की जारी

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की वार्षिक परीक्षा का समय सारिणी जारी कर दी है। आगामी दो माह बाद 1 मार्च से कक्षा बारहवीं की परीक्षा शुरू होगी। वहीं 2 मार्च से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू हो जाएगी। जारी की गई समय सारिणी के अनुसार 12 वीं की परीक्षा 23 दिनों में तो वहीं 10वी की परीक्षा 21 दिनों के भीतर समाप्त हो जाएगी। इधर परीक्षा की समय सारिणी जारी होते ही स्कूली बच्चों ने तेजी से पढ़ाई शुरू कर दी है। चूंकि सिर्फ दो माह का समय शेष रह गया है। वहीं एक विषय के परीक्षा के बाद दूसरे विषय की परीक्षा के लिए काफी कम दिन का अंतराल है, जिसके कारण परीक्षार्थियों को अभी से कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। परीक्षा का समय सुबह 9 बजे से 12:15 बजे तक रहेगा।

### अर्धवार्षिक परीक्षा हुई समाप्त



कक्षा 10वीं और 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षा शुक्रवार को समाप्त हुई है। आगामी एक सप्ताह के भीतर अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम सामने आ जाएगा। जिसके बाद परिणाम के अनुसार ही विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी स्कूल स्तर पर कराई जाएगी। कक्षा 10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में जिले के कितने परीक्षार्थी शामिल होंगे, अभी इसका आंकड़ा विभाग को भी पता नहीं है। हालांकि कक्षा दसवीं में करीबन 9515 और कक्षा बारहवीं में लगभग 7506 परीक्षाथियों की शामिल होने का अनुमान विभाग द्वारा लगाया जा रहा है।

## पात्र हितग्राहियों को मिला गैस कनेक्शन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा ग्राम कोसागोदी व मोहारा

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम कोसागोदी पंचायत और मोहारा पंचायत में संपन्न हुआ। जिसमें हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया और सभी अतिथियों ने केंद्र सरकार की सभी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और बताया कि कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न पाए, इसलिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांव–गांव में पहुंचकर सभी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा का सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को लेकर सबसे पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, किसानों को प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान और 2 साल का बोनस किसानों के खाते में ट्रांसफर किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों में पात्रता के आधार पर फॉर्म भर गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष भाजपा मंडल गुरुर कौशल साहू थे। अध्यक्षता महामंत्री भाजपा मंडल गुरुर भुवन लाल साहू ने किया। विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, जनपद सदस्य मीना साहू, संरपच दीपधा साहू, मनीष कुमार साहू, अशोक कुमार साहू थे। कार्यक्रम में

ग्राम के समस्त वरिष्ठ गण ग्राम पंचायत के पंचगण और सभी हितग्राही उपस्थित थे।

**स्वामी आत्मानंद विद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव**

## महानदी सदन रहा प्रथम, अरपा रहा दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कर उच्च प्रदर्शन किया। प्राथमिक शाला के बच्चों के बीच 50 मी. दौड़, गोली चम्मच दौड़ एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता हुई। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बच्चों के बीच 100 मी. दौड़, रिले रेस, कबड्डी, शतरंज एवं शॉर्टपुट आदि प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। सामूहिक कार्यभावना को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यार्थियों को चार सदनों में अरपा (हरा), महानदी (लाल), इंद्रावती (पीला) एवं शिवनाथ (नीला) बांटा गया। जिसमें महानदी सदन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान दर्ज किया। द्वितीय स्थान में अरपा सदन रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य डी.आर. देवहरे ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनकी प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी ।




### इनका रहा योगदान

कार्यक्रम के सफल आयोजन में वरिष्ठ व्याख्याता एन.आर. देशमुख, क्रीड़ा प्रभारी सेजेस बालोद आशीष सोनी, एमडी साहू प्रधानाध्यापक विभा देशमुख, अभिषेक शुक्ला, श्रीमती सीमा जामवंते, अभिषेक सहारे, मंजू ताम्रकार, किरण ठाकुर, डी.के.साहू,किरण देवांगन, सागर यादव,पूजा भेड़िया, सुषमा बोरकर, विद्या, तरन्नुम बानो,गुलशन साहू ,योगेश सिंह, श्री बरैया आदि का योगदान रहा।



### निर्माणाधीन शौचालय से 3 क्विंटल छड़ पार

**बालोद।** नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। सूने मकानों और दुकानों के साथ ही अज्ञात चोर अब निर्माणाधीन मकानो के साथ ही शासकीय भवनों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जमरुवा से निकलकर सामने आया है। यहां गांव में ही पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है। शौचालय के निर्माण कार्य के लिए रखे गए छड़ को अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। चोरी का पता चलते ही ग्राम सरपंच इंदु बाई सिन्हा ने कोतवाली थाना मे चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रार्थीया के अनुसार ग्राम पंचायत जमरूवा में पिंक सामुदायिक शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके ▶▶|शेष पेज 9 पर


**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को नशीली दवाओं के बताए दुष्प्रभाव

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में नशीली दवाओं के दुरूपयोग से होने वाले नुकसान के बारे में छात्र–छात्रओं को जागरूक करने के लिए नव चेतना मॉड्युल पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डीएस.सहारे ने छात्र–छात्रओं को नशीली दवाइयों के नकरात्मक प्रभाव को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि नशीली दवाइयों के उपयोग से गृह कलेश और छोटे बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव होता हैं। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान भूपेन्द्र कुमार ने नवचेतना मॉड्यूल से छात्र–छात्रओं को अवगत कराया। साथ ही इस मॉड्यूल के अनुसार नशीली दवाओं से होने वाली शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं सामाजिक प्रभाव के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.डीआर मेश्राम ने छात्र–छात्रओं को नशीली दवाओं से दूर रहने तथा इस दिशा में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

### वीर बाल दिवस पर निबंध व चित्रकला स्पर्धा

**रायपुर।** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय त्रिमूर्ति नगर में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को साहबजादे जोरावर सिंह व साहबजादे फतेहसिंह की शहादत के बारे में बताया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर वीर बालकों की शहादत को याद किया। कार्यकम में संस्था के समस्त शिक्षक व प्राचार्य उपस्थित थे।

### प्रदेश को मजबूत करने मोदी से करेंगे निवेदन

**रायपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 के तहत गुरुवार को राजधानी के जोन 7 दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर नगर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से निवेदन करेंगे कि वे छत्तीसगढ़ को और मजबूती प्रदान करें। अभी हमने 54 सीट दी है, आगे लोकसभा चुनाव में सभी 11 सीट भी देंगे। यात्रा में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, उज्वला योजना, महतारी वंदन सहित अन्य योजनाओं की जानकारी से महिलाओं को अवगत कराया जा रहा है और उसका लाभ दिलाने ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।

### अंजय बने छग सीमेंट वेलफेयर एसो. के अध्यक्ष

**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित निजी होटल में गुरुवार को छत्तीसगढ़ सीमेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशन की आमसभा हुई, जिसमे सर्वसम्मति से अंजय शुक्ला को अध्यक्ष चुना गया। पूर्व अध्यक्ष अंचल सिंह भाटिया ने प्रस्ताव रखा, जिसका संरक्षक अशोक जैन, सुखदेव सिधु, इंद्रजीत सिंह, अमित तिवारी ने समर्थन किया। निर्वाचन के बाद अंजय शुक्ल ने अपने सभी साथियों सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, ओपी चौधरी से भेंट की। बैठक में आनंद आहूजा, सुब्रत डे, पोद्दार आकाश गिलानी, सोनू अग्रवाल, संजीव रॉय, दिवाकर अवस्थी, गणेश जायसवाल, रितेश जैन, अरुण तुलसियान, अनुराग जैन, सुमित परमिंदर बिल्लू आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ने माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि सदाचार और कर्तव्य के प्रति निष्ठा ही व्यक्ति को महान बनाती है।

---

**अभियान : कलेक्टर करहीभदर में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल**

# शिविर नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करने का कारगर माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कलेक्टर कुलदीप शर्मा जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम करहीभदर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के शिविर की सराहना की। उन्होंने शिविरों को आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराने का कारगार माध्यम बताया। इस अवसर पर शर्मा ने शिविर में उपस्थित लोगों को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छता बनाए रखने हेतु सभी लोगों को अपने घरों में शौचालय निर्माण कर उसका उपयोग सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष प्रेमलता साहू, जनपद सदस्य पूनम साहू एवं बालकदास मानिकपुरी, सरपंच लीलाराम डड़सेना, बुधरू राम साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, गणेश राम साहू, दयानंद साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम शीतल बंसल, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीतांबर यादव सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना अंतर्गत रसोई गैस कनेक्शन एवं 371 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया तथा 10 नया आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया।

कलेक्टर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंशानुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य के साथ–साथ बालोद जिले में भी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की परिकल्पना के आधार पर देश के सभी नागरिकों को हर दृष्टि से सबल, सक्षम एवं आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। जिसके लिए सरकार के द्वारा देश के आम नागरिकों के उत्थान हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजना बनाकर उनका सफल क्रियान्वयन भी सुनिश्चित किया गया है।

इस अवसर पर श्री शर्मा ने किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, आयुष्मान भारत योजना एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने को कहा। शर्मा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले में बालोद जिला पूरे प्रदेश में तीसरा स्थान है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, सरपंच लीलाधर डड़सेना सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

**स्टॉलों में योजनाओं की दी जानकारी:** शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए। जहाँ पर अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा आम नागरिकों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में डॉक्टरों के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाइयां भी दी गईं। इस अवसर पर 'मेरी कहानी–मेरी जुबानी' के अंतर्गत हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से उन्हें मिले लाभ एवं उनके जीवन में आए बदलाव के संबंध में जानकारी दी।

## केन्द्र सरकार की योजनाओं को त्वरित आम जनता तक पहुंचा रहे




**गुरूर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में गुरुर विकासखण्ड के दूसरे दिन दूसरे पहर में ग्राम सनौद में कार्यक्रम का आयोजन। भाजपा के केंद्र सरकार के साढ़े 9 साल के कार्यकाल में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जनहित मे लोक कल्याणकारी योजना का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रही है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों द्वारा स्वयं कार्यक्रम में उपस्थित होकर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का बखान किया गया। चाहे प्रधानमंत्री आवास योजना हो, बिहान योजना के तहत स्व सहायता समूह लाभान्वित हो, निःशुल्क उज्वला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वच्छ भारत के तहत शौचालय निर्माण, किसानों की आय दुगुनी करने की योजना, 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज वितरण, प्रत्येक माह जनधन योजना के खाता में रुपया ट्रांसफर किया गया। इसी तरह बहुत से योजना का लाभार्थियो ने अपना अनुभव कार्यक्रम मे साझा किया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या पर ग्रामीणजन उपस्थित थे। कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, सहकारिता विभाग, आंगनबाड़ी विभाग, पंचायत विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओ की जानकारी देने, पंजीयन कराने का कार्य किया गया। उक्त अवसर पर भाजपा मंडल गुरूर के मंडल अध्यक्ष कौशल साहू ने कहा कि 2014 से केन्द्र मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए भारत की रचना की। छोटी योजनाओं से शुरूआत की। स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान चलाया, घरों में शौचालय का निर्माण कराया, किसानों की आय दोगुनी योजना की शुरुवात की। प्रधानमंत्री उज्वला योजना गैस कनेक्शन प्रदान किया। जनधन के तहत 45 हजार बैकों में खाता खुलवाया, कोरोना काल मे 500 जरूरतमंद के बैंक खाता में डालवाया। 5 किलोग्राम मुफ्त आनाज की व्यवस्था कराया। किसानों को 2000 कृषि सम्मान निधि के तहत रुपए भेजा, निःशुल्क कोरोना टीका लगवाया, प्रधानमंत्री आवास बनवाकर गरीब परिवार के सपनों को साकार किया। छत का पक्का मकान बनवाया, जलजीवन मिशन के तहत साफ जल, निःशुल्क जल घर घर पहुंचाया जैसे अनेक जनहित के लोक कल्याण कार्य किए है। प्रशासन की ओर से तहसीलदार हनुमंत श्याम ने विभागीय अधिकारी कर्मचारी को केन्द्र सरकार के योजनाओं को आम जनता तक त्वरित क्रियान्वयन कर जनता तक पहुंचने की बात कही। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रमन सरकार के दो वर्ष साल का बकाया बोनस मे वितरण में फौत हो चुके किसानों के लिए किसानों के नामिनी या वारिसान जानकारी करने कि उक्त वर्ष में कितनी धान बिक्री हुई है। पंचायत पटवारी रिकार्ड में मिलान कर आवश्यक दस्तावेज के साथ तहसील कार्यालय में जमा करें। फिर तत्काल कार्यालय द्वारा उक्त राशि नामित किसान के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

हमारा संकल्प विकसित भारत के आयोजन मे भाजपा मंडल अध्यक्ष दौलत साहू, जिला अध्यक्ष भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष यादराम साहू, मण्डल महामंत्री भुवनलाल साहू, प्रदेश किसान मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य संतोश गंगबेर, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा नीता साहू, पूर्व जनपद सदस्य लीला राम सोनबेर, पूर्व सरपंच आशीश साहू, सरपंच अनंत साहू, नीलम सोनबेर, ग्रामीण समिति अध्यक्ष सुखदेव सार्वा, बूथ अध्यक्ष प्रेमलाल सोनबेर, सीता राम साहू, ग्राम पटेल केशव सोनबेर, हीरालाल साहू, राजकुमार साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह के कार्यकर्ता एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ ग्रामीण उपस्थित थे।

---

# भवसागर से मुक्ति का एक मात्र साधन है गुरु कृपा

हरिभूमि नयूज ▶▶| बालोद





गुरु घासीदास जयंती सेवा समिति एवं ग्रामवासी कमरौद द्वारा हर्षोल्लाष के साथ गुरु पर्व मनाया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सरपंच चमेली बाई पटेल थी। अध्यक्षता पूना राम देशलहरे ने किया। विशेष अतिथि ज्ञान दास गेंन्द्रे, भूलन दास जोशी, बिशम्भर राम चतुर्वेदी, पुनितराम देशलहरे, उपसरपंच घनश्यामय जैन, ग्राम पटेल खिलानन्द पटेल, दारा सिंह साहू, कोमल सिंह ठाकुर, पुनितराम साहू, ईश्वर साहू, परमेन्द्र साहू, बीएल.ठाकुर, भीखम कंवर, दिनू राम कंवर, ईश्वर यदु, सुरेन्द्र पटेल, कौशल प्रसाद साहू, चुनेन्द्री साहू, गंगा बाई देशलहरे उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत गुरु बाबा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना व चंदन तिलक, पान सुपारी, लौंग, इलाइची, नारियल, पुष्पमाला, माल्यापर्ण के साथ हुआ। महिलाओं ने रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की। जिसमें काजल, कविता, मासूम, मिनाक्षी, जान्हवी, खुशबू ने भाग लिया। पन्थी कलाकर द्वारा गांव–गली, मोहल्लों में सन्देश यात्रा, रैली, जयघोष व शोभायात्रा के साथ फटाखे–आतिशबाजी की। ग्राम के भंडारी के घर से बाबा की शोभायात्रा प्रारम्भ होकर सभी मोहल्लों से होते हुए जैतस्तम्भ तक निकाली गई। संध्या समय बाबा जी का पालो चढ़ने का कार्यक्रम हुआ। दोपहर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक रिकार्डिंग डांस ग्रुप की प्रस्तुति हुईं। संध्या 4 बजे से जय सतनाम पंथी पाटएँ कमरौद के कलाकार ने दर्शकों का मन मुग्ध हो गए एवं रात्रिकालीन जय माँ दुलौरिन नाच पार्टी ने लोगों का मनोरंजन किया।

ग्राम प्रमुख एवं कांग्रेस महामंत्री खिलानन्द पटेल ने कहा मनखे–मनखे एक समान, जीवन के भवसागर को गुरुरुपी नाव से ही पार किया जा सकता है। दारा साहू ने कहा सत्य ही मानव का आभूषण है। मुख्य अतिथि ने गुरु के दिव्य संदेश का वाचन किया, उन्होंने सात्विक जीवन को धारण करने के लिये प्रेरित किये। प्रदेशाध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी ने राजा गुरु बालकदास के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। समाज सुधारक व शिक्षा के क्षेत्र में ममतामयी छत्तीसगढ़ की प्रथम सांसद मिनीमाताजी को याद किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर समाज के सदस्य नारायण चतुर्वेदी, चन्द्रशेखर देशलहरे, रविशंकर, कोमल सिंह चतुर्वेदी, भूषण लाल, सुदामा गेन्द्रे, मानसिंह, योगेश, धर्मेद्र, जीवनरात्रे, ईश्वर प्रसाद चतुर्वेदी, रात्रे, संतराम, सुकदेव, तीरथ, गोविंद, सुकालू खुटेल, जनक, विजय चतुर्वेदी, सानू, राहुल, गणेश, लोकनाथ, दीनू, संतोष, टी–शेखर, मोरंध्वज, रोहित चतुर्वेदी, सुनील, कीर्तन लाल, रवि बख्शी, हितेश, टिकेश, जीवन बघेल, मितानीन, महिला कमांडो, युवा क्लब, जय सतनाम पन्थी समित, संत गुरु घासीदास जयंती सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी कमरौद का सहयोग रहा है। उक्त जानकारी शिक्षक भागवत प्रसाद चतुर्वेदी ने दी।

# युवा अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जन्दा





नशामुक्त समाज के लिए युवा की थीम पर शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा की एनएसएस इकाई का 7 दिवसीय शिविर संपन हुआ। युवाओं को अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने को प्रेरित किया गया। साथ ही युवाओं के सामाजिक, सांस्कृतिक व बौद्धिक विकास के लिए अनेक प्रशिक्षण हुए। छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

■ नशामुक्त समाज के लिए युवा की थीम पर एनएसएस का शिविर

सात दिवसीय शिविर के समापन पर मुख्य अतिथि संरपच ग्राम पंचायत गुरेदा हेमंत निषाद, सचिव ग्राम पंचायत गुरेदा अश्वनी कुमार साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुरेदा के शाला विकास समिति के सदस्य महेंद्र कुमार साहू, सदस्य प्राथमिक शाला गुरेदा शाला विकास समिति के सदस्यदेवेन्द्र सिन्हा, प्रकाश कुम्भकार, सहायक प्राध्यापक वनस्पति विज्ञान विभाग किशोर टंडन एवं सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग त्रिदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवकों के सेवाभावी कार्यों की सराहा की। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार प्रजापति ने एनएसएस के सभी पहलुओं को सामने रखा। हेमंत निषाद ने युवाओं को समाजहित की दिशा में काम करने प्रेरित किया।

शिविर नायक यशवंत कुमार टंडन, उपशिविर नायक प्रणव तिवारी, मेस प्रभारी मोहित यादव, सांस्कृतिक प्रभारी अनुरोध सिन्हा, कार्यालय प्रभारी रेणुका कांशी, अनुशासन प्रभारी सुदर्शन साहू, मीडिया प्रभारी वैभव देशमुख, तरुण कुमार कुंभकार, अमृत कुंभकार, राकेश कुमार, केशव राम निषाद, दुर्गेश निषाद, धनेश विश्वकर्मा, हेमशंकर, गजेन्द्र, दीपक, हेमा निषाद, पूजा कुभंकार, पार्वती, याशु साहू अन्य मौजूद रहे।

---

**दीयाबाती में श्रीमद् भागवतकथा यज्ञ सप्ताह**

# समर्पण भाव से करें भगवान की सेवा : पं. सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



जहां अहंकार होता है वहां भगवत कृपा नहीं होती। भगवान भाव के भूखे है। भगवान की सेवा, भाव के साथ करनी चाहिए। भगवान की सेवा का भाव मन से करने पर भगवान जन्म–जन्मांतर तक भला करते हैं। जैसे भगवान ने सुंदरी बना दिया तो दर्जी को पिछले जन्म के भगवत सेवा के अधूरे भाव को पूर्ण किया।

उक्तें बातें ग्राम दियाबाती में चल रहे श्रीमद् भागवतकथा यज्ञ सप्ताह के दौरान पंडित सौरभ शर्मा ने कही। ग्राम अरमरीकला निवासी पंडित सौरभ शर्मा ने कथा प्रसंग के दौरान कहा कि शरीर की सुंदरता नहीं होती है। शरीर की सुंदरता समय के साथ काम होती जाती है। सुंदरता मन की होनी चाहिए व्यक्ति को मन से सुंदर होना चाहिए। मन से समर्पण भाव से भगवान की सेवा करनी चाहिए। मन पवित्र होना चाहिए।

पंडित शर्मा ने कहा भगवान भक्त वत्सल्य हैं। उन्हें दिल से स्मरण करने पर उनकी कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा विवाह की चार पद्धति है हरण, परण, शरण एवं वरन। भगवान ने माता रूखमणी से हरण पद्धति से विवाह किया। भागवत कथा में पारायण शैलेश कुमार शर्मा कर रहे हैं। परिव्रीत देवनारायण एवं रूखमणी है। भागवत कथा का आयोजन मां अन्नपूर्णा महिला समिति द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

**ये हैं शामिल:** भागवत कथा में समिति की लक्ष्मी साहू, लता साहू, शिवकुमारी साहू, रूखमणी साहू, दसरी साहू, गोमती साहू, कविता साहू, पुनिया साहू, धनेश्वरी यादव, सुलेखा साहू, मीना साहू, केसरी साहू, सतरूपा साहू, धनेश्वरी साहू, हीरा साहू, राजकुमारी साहू, मोना यादव, तोमेश्वरी साहू, द्रौपति साहू, सीमा गेडाम, सरस्वती साहू, उमा बाई, संतोष साहू, जुड़ावन साहू, तुलाराम, महेंद्र, कमलेश, मां अन्नपूर्णा समिति सदस्य अध्यक्ष मणिराम साहू, लेखराम साहु, भूपतराम, मनराखन, राम—त, उदयराम, पूर्णेश्वर, रोहित यादव, तेजराम साहू, ढालसिंह, गोवर्धन साहू, देवनारायण, बसंत साहू शामिल हैं।

### नेवारीकला में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह 2 जनवरी से

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 जनवरी से ग्राम के ठाकुरदेव स्थल अमलीचौक में किया जाएगा। जिसका समापन 9 जनवरी को होगा। जिसमें कथावाचक पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री महाराज होंगे। कथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी। जिसमें 2 जनवरी को कलश यात्रा, भागवत महिमा, गौकर्ण कथा होगा। 3 जनवरी को महाभारत कथा, परीक्षित जन्म कथा सुनाया जाएगा। 4 जनवरी को कलश सती दक्ष, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र कथा सुनाई जाएगी। 5 जनवरी को वामन चरित्र, श्रीराम जन्म, श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 6 जनवरी को श्री कृष्ण बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजा कथा सुनाया जाएगा। 7 जनवरी को महारास लीला, गोपी उद्यौ संवाद, श्री रूखमणी विवाह, श्री भगवत, भगवान की गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा। 8 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम होगा। 9 जनवरी को गीता पाठ हवन पूजन, महाप्रसादी वितरण होगा। जिसके आयोजक रामखिलावन साहू व ग्रामीण हैं।

# किसान से लिया जा रहा 900 ग्राम अधिक धान



**गुण्डरदेही।** हल्दी के धान खरीदी केंद्र में सूखत के नाम पर किसानों से प्रति बारदाना में 900 ग्राम से एक किलो अधिक धान लिया जा रहा है।

हल्दी के किसान पोषण लाल साहू ने गुरुवार को दो सौ बोरा धान बेचने के लिए लाया था। जिसमें प्रति बोरा मे 41 किलो 20 ग्राम धान तौला जा रहा था, जबकि यहां इलेक्ट्रॉनिक कांटा से तौल किया जा रहा है। शासन के नियम के अनुसार एक बारदाने में 40 किलो धान भरा जा सकता है। उसमें बारदाने के वजन के बदले 650 ग्राम ज्यादा धान भरने की छूट है। इस छूट की आड़ में यहां के समिति प्रबंधक 900 ग्राम से एक किलो 20 ग्राम तक अधिक धान ले रहे हैं। किसान आपत्ति करे तो कह दिया जाता है कि परिवहन समय पर नहीं होने से धान फड़ में पड़े रहने से सूखता है। जिसके बाद एक बोरे का वजन 40 किलो से कम हो जाता है। समिति को होने वाले इस नुकसान के बदले किसानों का धान ज्यादा लेकर शार्टेज की समस्या दूर कर ली जाती है। किसानों ने प्रशासन से जांच कराने की मांग की है।

### नहीं पहुंची जांच टीम

अधिक धान खरीदी मामले को लेकर किसानों ने गुण्डरदेही एसडीएम अनिल मरकाम को अवगत कराया। उन्होंने जांच टीम भेजकर जांच कराने व दोषी अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की बातें कहीं थीं। पर जांच टीम नहीं पहुंची है।

## खबर संक्षेप



### दो वाहनों की भिड़त में एक चालक घायल

**बालोद।** जिले के ग्राम तरौद पैट्रोल पंप के पास गुरुवार रात लगभग 10 बजे गन्ने से भरे ट्रैक्टर और स्कॉर्पियो में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक चालक को चोटें आईं है। मिली जानकारी के अनुसार स्कार्पियो वाहन चालक बालोद की तरफ अपने घर जा रहा था। गन्ने से भरा ट्रैक्टर ग्राम बुल्लूटोला थाना डौंडीलोहारा से करकाभाट शक्कर कारखाना गन्ना बेचने जा रहा था। इस दरमियान दोनों के बीच भिड़त हो गई। जिसमें स्कॉर्पियो चालक को हल्की चोटें आईं हैं। दुर्घटनाग्रस्त कार में छत्तीसगढ़ शासन लिखा हुआ था।घटना की सूचना मिलते ही बालोद पुलिस की टीम घटनास्थल पहुँच गई थी।

### ब्रह्मविद क्रिकेट अकादमी ने जीता मैच

**भिलाई।** गोविंद चौहान स्मृति एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजक गोविंद चौहान क्रिकेट अकादमी भिलाई प्रायोजक सत्या एवं गीता डेवलपर्स भिलाई भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं सीता राइस मिल दुर्ग के तत्वावधान में शुक्रवार को खेले ब्रह्माविद क्रिकेट अकादमी एवं वीटीसीए नागपुर के बीच खेला गया।

## निधन

### ताराबाई




**साजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अधिवक्ता देवी प्रसाद वर्मा निवासी जाता घरा धमधा की धर्मपत्नी ताराबाई उम्र 65 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा।

# निपानी में गिरौदपुरीधाम की तर्ज पर बने नव जैतखाम का उद्घाटन

## जाति विहीन समाज की संरचना के लिए सतनामी धर्म की हुई स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम निपानी में गिरौदपुरी धाम की तर्ज पर बने नव जैतखाम का हर्षोल्लास के साथ उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रेमलता साहू, मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू, महामंत्री दानेश्वर मिश्रा, बिरेन्द्र साहू, संतोष गजेंद्र, उपसरपंच भूपेंद्र चंद्राकर, बृजेश साहू एवं समाज के प्रमुख दिलीप डहरे, राजू कुर्रे एवं ग्रामीण उपस्थित थे। अतिथियों ने बताया कि गुरु घासीदास जाति–व्यवस्था को घृणित मानव कर्म व समाज के लिए सबसे बड़ा कोढ़ मानते थे। उनका मानना था कि यह जाति व्यवस्था ही है, जिसके कारण देशवासियों को सैकड़ों सालों तक गुलामी का जुआ अपने कंधों पर ढोना पड़ा। जब तक जाति व्यवस्था रूपी कोढ़ का खात्मा नहीं होगा, जाति भेद–भाव खत्म नहीं होगा। तब तक देश में राष्ट्रीय एकता का सूरज उदय नहीं होगा। यह तभी संभव हो सकता है, जब देश में जाति–विहीन समाज की स्थापना हो।

**जात- पात समाज की एकता में बाधक-** घासीदास बाबा कहते थे कि इसी जात–पात ने देश में समाज को कभी एक नहीं होने दिया, हमेशा बाधक बनी रही। इसके कारण ही अछूत समाज कभी सम्मान की जिंदगी नहीं जी सका। उन्होंने समकालीन सामाजिक परिस्थितियों के आंकलन से निष्कर्ष निकाला कि जब तक यह बहुसंख्यक जातियां बिखरी रहेंगी। उनका इसी तरह शोषण–उत्पीड़न होता रहेगा और सम्मान की जिंदगी जीने की योग्यता हासिल नहीं कर सकेंगी। उनका मानना था कि विसंगतियों से छुटकारा दिलाने उनमें स्वाभिमान पैदा करने व एकता स्थापित करने के लिए ही जातिविहीन समाज की संरचना करने के लिए सतनामी धर्म की स्थापना की।

**मांग :** ग्राम पंचायत छिंदगाव के ग्रामीणों ने लगाया आरोप, की जांच व कार्रवाई की मांग

# बिना काम किए निकाल ली राशि, अब हिसाब देने से कतरा रहे सरपंच-सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी





### जनपद सीईओ व टीआई के सामने भी नहीं दे पाए जवाब

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम सभा में जनपद सीईओ डीडी मंडले व डौंडी टीआई सुनील तिर्की भी पहुंचे, लेकिन फिर भी ग्रामीणों के समक्ष सरपंच सचिव लेखा-जोखा नहीं दे पाए। ग्रामसभा में सरपंच-सचिव द्वारा हिसाब नहीं बताने से ग्रामीण उग्र हो गए व जमकर नारेबाजी करते हुए सरपंच-सचिव पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि लाखों रुपयों का कार्य कागजों में ही दिखाकर फर्जी बिल लगाकर राशि आहरण कर ली गई है। इसलिए सरपंच-सचिव ग्राम सभा में हिसाब देने से भाग रहे हैं।

आदिवासी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छिंदगाव में लाखों रुपयों की राशि का ग्राम सभा में हिसाब नहीं मिलने से मामला तूल पकड़ने लगा है। इसमें सरपंच-सचिव पर मिली-भगत कर शासन की योजनाओं में गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 15 वे वित्त के अंतर्गत गांव में विद्युत कार्य सहित अन्य कराया जाना था, जो सिर्फ कागजों पर ही दिख रहा है। पंचायत में इसका नामो निशान नहीं दिख रहा है। इसमें फर्जीवाड़ा कर लाखों रुपए का गोलमाल किया गया है। ग्राम पंचायत छीदगांव निवासी पवन साहू, मनोहर साहू, बुखवू साहू ने बताया कि ग्राम सभा में इनके खिलाफ शिकायत संबंधित विभाग में की थी। इसके बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसके कारण गलत तरीके से कागजों पर कार्य दिखाकर राशि का आहरण करने के मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना कार्य कराए ही पैसे निकालने से काफी नाराजगी है। बता दें कि कार्यों की तकनीकी सहायक द्वारा भौतिक सत्यापन कार्य स्थल पर जाकर कार्य को देख कर किया जाता है। फिलहाल यहां ऐसा कुछ नहीं किया गया है। यहां के तकनीकी सहायक हैं जो सारे सत्यापन घर बैठे ही कर रहे हैं। इसके कारण लोगों को पता ही नहीं है और जमीन पर काम होना दिखाकर पैसा निकाल लिया गया है। अब सरपंच सचिव को इसमें कोसने से कुछ हल भी नहीं निकलना है। क्योंकि सरकार ने तमाम अधिकारी और तकनीकी सहायक रखे हैं। वहीं, लोग भारी लापरवाही बरत रहे हैं। तो सरपंच सचिव को क्या कहा जा सकता है।



# कबड्डी स्पर्धा के विजेताओं को मिली ट्रॉफी व नकद पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण अंजोरा के अंतर्गत ग्राम बिरेझर में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें विजयी खिलाड़ियों को मैडल, ट्रॉफी और नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस स्पर्धा में शामिल होने के लिए दूर-दूर के ग्रामीण क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर उपस्थित रहे। श्री चंद्राकर ने कहा कि आप देश के भविष्य हैं। गांव की कबड्डी आज देश के अलावा विदशों में भी खेली जा रही है। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा और हमें अपने राज्य को अपने देश को नई ऊंचाई तक ले जाना है। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी है। उन्होंने ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। महिलाओं को भी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे राज्य के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर क्षेत्र के वर्ग के लिए हर व्यक्ति के लिए केंद्र की योजना को अधिक से अधिक लाभ मिले। इसके लिए निरंतर काम कर रही है। श्री चंद्राकर ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम के हर निवासी को केंद्र की हर योजना का लाभ मिले इसके लिए मैंने अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं और ग्राम पंचायत के सरपंचों को भी मैंने कहा है।

# हल्बा समाज ने उत्साह से मनाया शक्ति दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज ग्राम गुंडरा टोला द्वारा शक्ति दिवस हर्षल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के मुख्य कलामंच के पास हलबा समाज के ग्राम प्रमुख नोहर सिंह रावटे एवं श्रीमती सोन सिर बाई राणा द्वारा मां दंतेश्वरी के छायाचित्र का पूजा-अर्चना एवं ध्वजारोहण कर कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ग्राम के सभी वार्डो से भ्रमण कर वापस मुख्य कला मंच पर पहुंची। गांव में इस शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी की पूजा के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज के बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। प्रतिभावान छात्रो कु. तृप्ति ठाकुर, लोमन तारम, कु. मंजू मसिया, प्रदीप कुमार शिवना, कु. कल्पना रावटे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रामधुन ठाकुर एवं रामकुमार ठाकुर कार्यक्रम के अध्यक्ष नोहर सिंह रावटे, विशेष अतिथि उभय राम परस गिया, जोगी रावटे, जगन्नाथ शिवना, तुलाराम पटेल, डोमनसिंह भूआर्य, नोहर किरसान,हेमलाल रावटे, शंकर धनेन्द्र, श्रीमती खेमलता खरे, ईश्वरी रावटे, भान बाई शिवना, रूपी बाई भुआर्य, थन वारिन बाई रावटे, महासभा सचिव शंभू ठाकुर एवं समाज के सभी परिवार उपस्थित रहे।

## पेज 7 के शेष...

### 24 कुंडीय गायत्री...

की। यज्ञ के तृतीय दिवस में विभिन्न संस्कार संपन्न किए गए, जिसमें पुंसवन 50, विधारंभ 35, मुंडन 9, अन्नप्राशन 2, जन्मदिवस 1 संपन्न किया गया। ऋषि पुत्रों द्वारा कर्म फल के सिद्धांत की व्याख्या करते हुए कहा कि कर्म का भोग आज नही तो कल भोगना ही पड़ता है। कर्म के तीन प्रकार बताए संचित, प्रारब्ध, क्रियमान कर्म । कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग नगर अध्यक्ष सोमेश सोरी का रहा। कार्यक्रम में देवलाल ठाकुर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, मंडल अध्यक्ष मनीष झा, महामंत्री दारा सिंह भोशार्य, जिला समन्वयक व्हीएस अठनागर, सह समन्वयक दशरथ कलिहारी, ब्लॉक सयोजक लोचन साहू, भोला राम साहू, धनसिंह गंजीर, हरिसेवक मेश्राम, नारी जागरण प्रभारी तुलसी साहू, शलेखा साहू, रेणुका गंजीर, कार्यक्रम आयोजक पीएल सोनवानी, डॉ. सीएल साहू, हुलास देवांगन, प्रो डी आर साहू, बाबूलाल वैष्णव,माधो साहू, रोहिल देशमुख, छगन यदु, दिनेश अग्रवाल, हीरा लाल, दमयंती पवार अर्चना देशमुख, सोनसाय लटिया, डोमन यादव, कुलेश्वर भारद्वाज, दिलीप निर्मलकर, मिलन सिन्हा, विमल साहू, रोहित साहू, भोलेश्वर सिन्ह, नंदकिशोर पिस्दा, बशी रावते, परस मंडावी, संतोष कोरटिया, परस मंडावी, वंदना साहू का सहयोग रहा।

### 22 दिन में 58...

हुआ तो सम्भवतः खरीदी की तिथि बढ़ाया जा सकता है। हालांकि तिथि को बढ़ाने को लेकर शासन स्तर पर अब तक कोई आदेश नहीं आया है।

**58,665 किसान बेचेंगे 30 लाख क्विंटल से भी अधिक धान-** नए वर्ष 2024 में 31 जनवरी धान खरीदी किया जाएगा। नए वर्ष में केवल 22 दिन ही खरीदी होगी। इन 22 दिनों में जिले के 58,665 पंजीकृत किसान 30 लाख क्विंटल से अधिक धान जिले के उपार्जन केंद्रों में बचेंगे। आपको बता दें कि जिले में 68 लाख 65 हजार 880 क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। वहीं जिले में पंजीकृत किसान 1 लाख 49 हजार 184 हैं। जिसमें से अब तक 90519 किसानों ने 38 लाख 3934 क्विंटल धान बेच चुके हैं। वहीं परिवहन की बात करें तो अब तक मात्र 22 लाख 95 हजार 970 क्विंटल धान का परिवहन किया गया है।

### कलेक्टर ने किया ...

से धान की खरीदी की जा रही है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित कृषकों से धान बिक्री की राशि मिलने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। कृषकों ने बताया कि उन्हें समय पर धान बिक्री की राशि प्राप्त हो रही है। श्री शर्मा ने किसानों से धान खरीदी से मिलने वाली राशि के उपयोग तथा वर्ष 2014–15 एवं वर्ष 2015–16 के लंबित धान बोनस राशि प्राप्त होने के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों से धान खरीदी केंद्रों के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने धान खरीदी केंद्र के बेहतर व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र के व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। इसके अंतर्गत उन्होंने बारदानों के अवलोकन के अलावा नवीन मापक यंत्र से खरीदे गए धान की गुणवत्ता की भी जांच की। जांच के दौरान धान की गुणवत्ता सही पाया गया।

### निर्माणाधीन शौचालय

निर्माण कार्य के लिए तीन अलग-अलग साइज के लोहे की छड़ की खरीदी कर निर्माणाधीन शौचालय के पास रखा गया था, यहां निर्माण कार्य जारी है। 26 दिसम्बर को शाम 5.30 बजे निर्माण कार्य में लगे मिस्त्री एवं मजदूर काम कर बचे हुए लोहे की छड़ 8 एमएम 1 क्विंटल 30 किलोग्राम, 10 एमएम 1 क्विंटल 30 किलोग्राम तथा 12 एमएम 1 क्विंटल 36 किलोग्राम को निर्माणाधीन शौचालय के पास ही रखकर अपने–अपने घर चले गये। अगले दिन सुबह करीबन 6 बजे सरपंच पति राजकुमार सिन्हा उक्त निर्माणधीन शौचालय को देखने पहुंचे तो वहां रखा छड़ गायब हो चुका था। अज्ञात चोर तीन क्विंटल से अधिक लोहे का छड़ अनुमानित कीमत 23,100 रूपये पार कर चुका था।

### ।। न्यायालय तहसीलदार, गुरूर जिला बालोद (छ.ग.) ।।
### // ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम गुरूर को सूचित किया जाता है, कि आवेदकं प्रमोद पिता मांगुल जाति महार साकिन गुरूर तहसील गुरूर जिला बालोद छ.ग. द्वारा ग्राम गुरूर प.ह.न. 21 तहसील गुरूर स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 783 रकबा 0.02 हे लगान 0.05 रू. की भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि से संबंधित ऋणपुस्तिका का भाग 01 व 02 राजस्व विभाग द्वारा प्रदान किया गया था, जो गुरूर में गुम हो गया है। जिसे संभावित स्थानों पर तलाश किया गया, नहीं मिला। ऋणपुस्तिका के अभाव में भूमि के उचित विकास एवं शासकीय सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु खाता बी-1 की नकल, थाना रिपोर्ट, नो-ड्यूस, की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो, तो सुनवाई तिथि दिनांक 04/01/2024 को न्यायालय मे उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
गुरुर, जिला–बालोद










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



## खबर संक्षेप



### धोबनपुरी में 3 से होगी श्री शिव महापुराण कथा

**गुरूर ।** धोबनपुरी स्कूल मैदान में 3 से श्री शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। इसमें कथावाचक पंडित अशोक कृष्ण महराज होंगे। 3 जनवरी से 6 जनवरी तक कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगी। वहीं 7 जनवरी को सुबह 10 बजे से 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक कथा चलेगी।
प्रथम दिन शिव माहात्म की कथा सुनाई जाएगी। 4 को हिमालय प्रसंग सुनाई जाएगी। 5 को शिव विवाह प्रसंग सुनाई जाएगी। 6 को गणेश प्राकट्य की कथा होगी। 7 को ज्योर्तिलिंग की कथा, हवन, पूजन की जाएगी।
आयोजक महामंत्री युवा मोर्चा मंडल गुरूर सदस्य, दूरसंचार सलार भारत सरकार अजेन्द्र साहू व जनपद सदस्य गुरूर संध्या साहू, संरक्षक जनपद सदस्य ममता मनहरन साहू, सरपंच कुंती देवी रावटे, उपसरपंच संतोश गुरूपंच, ग्रामीण साहू समाज अध्यक्ष बाबूलाल साहू, अध्यक्ष पथिया समाज अशोक धनकर, पंच हिमन यादव, छगन लाल गंजीर, गोवर्धन सोनबोईर, निर्मल गुरूपंच, देवा गंजीर, रूपचंद धनकर, डोमन गंगबेर, कोटवार लके"वर गजभीम, नरेश साहू, नारद यादव, पारख राम साहू, युवा मित्र मंडल प्रमोद सिन्हा, राजेन्द्र साहू, रवि साहू, शशिकांत जगदल्ले, भूपेन्द्र सिन्हा, नीलाम्बर साहू, कोमल साहू, रूपेश रावटे, भोज देवांगन, केशव बंधु, अजय साहू, हरिओम साहू, मनहरण साहू उपस्थित रहेंगे।

### सतनाम भवन में 31 को मनेगी गुरु घासीदास जयंती

**गुण्डरदेही।** तहसील स्तरीय गुरू घासीदास जयंती 31 दिसंबर को गुण्डरदेही सतनाम भवन प्रांगण में मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष नीलकंठ टंडन ने बताया कि दोपहर 12 बजे नगर में प्रभात फेरी व शोभायात्र निकाली जाएगी। शाम 4 बजे ध्वजारोहण के बाद अतिथि आगमन व उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले, पवन जोशी, अश्वन बारले, संतराम बंजारे, लक्ष्मी नारायण बघेल, संजय जोशी, मानकचंद देशलहरा, दीनानाथ चेलक, सुमित्र बारले, निर्मला बंजारे, जीवन बांधे, धनेश बघेल, धनीराम बारले, पुरूषोत्तम बारले, शशि बंजारे, कन्हैया लाल मधुकर, देवनारायण कोसरिया, राधेश्याम चेलक, जनपद सदस्य देविका बंजारे, जनपद सदस्य संध्या बर्मन, जनपद सदस्य व कुलेश्वरी महिपाल पार्षद गुण्डरदेही होंगे।

## निधन

### धरमू राम साहू

**गुरूर।** ग्राम धोबनपुरी निवासी



धरमू राम साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अशवन राम साहू, नरेश साहू, धोवा साहू, द्वारिका साहू के पिता थे।

# संदेश को आमजन तक पहुंचाने नाट्य, प्रहसन, अभिनय के स्वयंसेवकों ने सीखे गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

## रासेयो का कलंगपुर में सात दिवसीय शिविर

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही राष्ट्रीय सेवा योजना दोनों इकाइयों का संयुक्त रुप से सात दिवसीय विशेष शिविर कंलगपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में सरपंच पुष्पा सिन्हा, उप सरपंच राजेश राजू जैन, सांसद प्रतिनिधि विकास जैन, पूर्व जनपद सदस्य दिलीप कुल्हारे, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी प्रतापचंद्र जैन, खेमचंद जैन, कृषलाल यादव, पंचगण, ग्राम समिति अध्यक्ष गोविन्द सिन्हा, ग्राम समिति उपाध्यक्ष मोजी राम साहू, सीएल महतो, प्रबुद्ध वर्ग, प्राचार्य व संरक्षक अजय चौधरी भुवन सेन




**इनकी है महत्वपूर्ण भूमिका**
शिविर सुचारू संचालन में प्रियांसु, अमित, यामिनी, टिकेश्वरी, खुशबू, योगिता, अनामिका, प्रीति, गगन, नामदेव, अविनाश ये सभी दलनायक अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं, समस्त कार्यक्रम का संचालन केएस कुल्हाड़े व कार्यक्रम अधिकारी संजय शुक्ला ने किया।

हास्य कलाकार के आतिथ्य में शिविर का शुभारंभ किया गया। द्वितीय दिवस बौद्धिक परिचर्चा में प्राचार्य एके चौधरी, संकुल समन्वयक किशोर साहू, व्याख्याता शाला पॉलिटेकनिक कालेज दुर्ग गुलशन ठाकुर, व्याख्याता शीतल ठाकुर उपस्थिति हुई। नशामुक्त समाज के लिए युवा थीम व कैरियर गाइडेंस, व्यक्तित्व निर्माण व विकास जैसे विभिन्न विषयों पर सभी विषय विशेषज्ञों ने बातें रखी। स्वयंसेवकों ने विभिन्न विषयों पर अपने प्रश्न भी रखें। अंत में हास्य कलाकार भुवन सेन ने अपने अभिनय से मंत्रमुग्ध किया। किसी भी संदेश को आमजन तक पहुंचाने के नाट्य, प्रहसन, अभिनय के बच्चों को गुण भी सिखाए।

**समस्या : मिलरों के माध्यम से भेजे जा रहे बारदाने ज्यादा फटे-पुराने**

# खरीदी केंद्रों में फटे बारदाने किसानों के लिए बनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में प्रशासन द्वारा 122 समितियों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है, जो लगभग 2 माह पूर्ण होने वाला है, लेकिन किसानों की धान खरीदी आज भी अधूरी है। वहीं अब किसानों को फटे बारदाने का सामना भी करना पड़ रहा है, जिसके कारण किसान और समिति प्रबंधक परेशान है।

जिले में किसानों को धान बेचने के लिए पर्याप्त बारदाने उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है, जिसके कारण किसानों को बारदाने की समस्या तो नहीं है, लेकर उपार्जन केंद्रों मे गुणवत्ताहीन बारदानों ने किसानों की मुश्किले बढ़ा दी है, जिसके कारण किसानों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मिलरों के माध्यम से जो बारदाने उपार्जन केंद्रों में भेजे जा रहे है, वे बारदाने बहुत ही ज्यादा फटे पुराने हैं, जिसका खमियाजा किसानों को कई बार बारदाने की अदला बदली कर समय बर्बाद कर करना पड़ रहा है।

### वित्तीय वर्ष 2023-24 का कृषि ऋण

जिले में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023–24 के तहत जिले के 123439 किसानों ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से 60380.52 करोड़ रूपये ऋण लिया है, जिसकी वसूली उपार्जन केंद्रों के माध्यम से किसानों के धान बेचने के पश्चात वसूल किया जा रही है, जिसके चलते जिले में अब तक 1961199450.99 करोड़ रूपये की धान खरीदी की गई है। वहीं किसानों से 2670819894.90 करोड़ रूपये ऋण वसूली किया गया है और किसानों को 5142330749.10 करोड़ रूपये खातों के माध्यम से प्रदान किया गया है।



### उपार्जन केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता

जिले में धान खरीदी के लिए प्रशासन द्वारा 3582490.80 क्विंटल धान खरीदी के लिए 7064500 नया बारदाना उपलब्ध है, वहीं पुराना बारदाना 5375955 और प्लास्टिक बारदाने 24048 तथा पीडीएस से प्राप्त बारदाने 1125989 है, जिनके माध्यम से धान की खरीदी की जा रही है।

### जिले में अब तक 61.65 प्रतिशत धान की खरीदी

वहीं प्रशासन द्वारा पिछले हफ्ते धान खरीदी की लिमिट बढ़ा दी गई है, जिले में अब तक कुल खरीदी की बात करे तो 143 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से कुल 3565471.60 क्विंटल धान खरीदी की गई है। वहीं परिवहन की बात करे तो 2198070.00 क्विंटल परिवहन किया गया है, वहीं उपार्जन केन्द्रों में 1367401.60 क्विंटल धान शेष पड़ा हुआ है। इस तरह जिले में कुल 61.65 प्रतिशत ही धान की खरीदी की गई है।

# एनएसएस के विशेष शिविर में 110 छात्र हुए शामिल

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर का हुआ समापन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शा.उ.मा.वि. रसमड़ा व पुरई के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के युवा व खेल मंत्रालय द्वारा प्रायोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का विभिन्न गतिधियों के साथ समापन हुआ। विशेष शिविर का आयोजन दुर्ग से 12 किमी दूर ग्राम थानौद में दिनांक 22 से 28 दिसंबर तक किया गया। रसमड़ा हायर सेकंडरी स्कूल से 56 स्वयंसेवक व पुरई स्कूल से 54 स्वयंसेवक शामिल हुए। शिविर का संचालन जयपाल सिंह गांवरे व विनोद कुमार सिन्हा ने किया । शिविर का उद्देश्य सामाजिक व राष्ट्र सेवा के माध्यम से बच्चों का व्यक्तित्व विकास करना, बच्चों में नेतृत्व क्षमता, सामूहिक भावना का निर्माण, ग्रामीण जीवन शैली के माध्यम से अपने आप को ढालना, लीडरशिप का गुर सीखना था, इसमें सभी 110 स्वयंसेवक सफल हुए। इस दौरान छात्रों ने गांव में रैली निकालकर गीत, स्लोगन, पोस्टर, नाटक के माध्यम से लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, अंधविश्वास, कुपोषण, पर्यावरण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। वहीं अंतिम दिने शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।



इसमें रसमड़ा स्कूल से नेहा साहू, अभिषेक वैष्णव, स्नेहा भंडारी, पूजा शर्मा, भूमिका साहू, पूर्णनावी, वैष्णवी पाल, खिलेश्वरी, पूर्वी साहू, श्रुति यदु,सोनम, पुरई से खेमेन्द्र, सपना व साथी शामिल हुए। बेस्ट स्वयंसेवक का अवार्ड खेमेन्द्र, सपना, श्रुति यदु को दिया गया। विशेष सहयोग के रूप में शेखर साहू व रोहन साहू को प्रदान किया गया।

# श्री कृष्ण मंदिर तिरगा का हुआ जीर्णोद्धार और की प्राण प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बहुआयामी संस्था सर्जना युवा समिति तिरगा के द्वारा 1992 में निर्मित कृष्ण मंदिर का पुनर्निर्माण के बाद नवीन मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया।

■ छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक उत्सव में विभिन्न मंडलियों ने दी भजन की प्रस्तुति

कृष्ण मूर्ति दान परसराम देशमुख समिति संस्थापक ने किया। यादव समाज द्वारा उसी परिसर में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा व नंदी बाबा मूर्ति स्थापना भी की गई। रात्रि में ग्रामवासियों के सहयोग से छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक उत्सव में जय हिन्द बाल समाज बजरंग अखाड़ा हथखोज भिलाई, तुलसी सुआ नृत्य भोथली, गुरू घासीदास नवयुवक पंथी नृत्य गोड़ेला, जय मां शीतला जस झांकी मंडली पापरा, जय मा शारदे पंडवानी भजन मंडली ग्राम भोथली, जय बाबा उखरनाथ संगम बांसगीत उमदा भिलाई, बचपना बिहाव नाच पार्टी दमोदा बोरई भिलाई, बाल कृष्ण राउत नाच भोथली ने शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर एवं भाजपा मंडल राजनांदगांव ग्रामीण अध्यक्ष का आगमन तिरगा की पावन धरा पर हुआ। समिति के वरिष्ठ सदस्य राकेश बिहारी बेलचंदन, मेहत्तर देशमुख, बीरेन्द्र निषाद, मोहित ठाकुर, सूरज देशमुख, राकेश कौशिक, पीताम्बर देशमुख, बिसे निषाद, नरेन्द्र, शिव देशमुख, अध्यक्ष हेमंत ऋषि, रूपेश देशमुख, घनश्याम देशमुख, डोमन देशमुख, नंद कुमार, ईश्वरी लाल, छगन बेलंचदन सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन देवी सिंह देशमुख एवं रोशन साहू ने किया।

### कवियों ने बांधा समां

वहीं, छत्तीसगढ़ के ख्याति लब्ध कवि मीर अली मीर ने बेटी से संबंधित कविता सुनाकर लोगों को भाव विभोर किया। वर्तमान परिवेश पर कवि गुणी राम वर्मा व हास्य व्यंग कवि कैलाश साहू ने सुन्दर कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर पूर्व में लोक संस्कृति के माध्यम से विभिन्न ग्रामों में पर्यावरण, जनसंख्या नियंत्रण, नशा उन्मूलन पर आधारित कार्यक्रम के कलाकारों का सम्मान रघुनाथ देशमुख के सौजन्य से किया गया। समाजसेवी भैया लाल साहू एवं ग्राम तिरगा सरपंच घसिया राम देशमुख, जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख का सम्मान समिति द्वारा किया गया।

## एनएसएस का विशेष शिविर 31 से

**गुरूर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंवर के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 31 दिसंबर से 6 जनवरी तक किया गया है। शिविर के अंतर्गत बौद्धिक परिचर्चा में 1 जनवरी को दोपहर 3 बजे प्राचार्य मां बहादुर कलारिन महाविद्यालय डॉ. नाजमा बेगम उपस्थित रहेगी। 2 को दोपहर 3 बजे नैतिक शिक्षा पर व्याख्यान के अंतर्गत प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय गुरूर व्हीके चन्द्रप्रभा बहन उपस्थित रहेंगी। 3 को दोपहर 3 बजे नशा उन्मुलन के तहत व्याख्याता शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंवर हेंमत कुमार साहू उपस्थित रहेंगे। जिसके बाद रात 8 बजे कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 4 को दोपहर 3 बजे विभिन्न विषयों पर व्याख्यान के तहत संरक्षक अधिकारी जिला बाल संरक्षण ईकाई महिला एवं बाल विकास विभाग नरेन्द्र कुमार साहू, प्रधान आरक्षक साइबर सेल जिला बालोद रूमलाल चुरेन्द्र, जिला समन्वय चाईल्ड हेल्प लाईन जिला बाल संरक्षण ईकाई वेदप्रकाश साहू उपस्थित रहेंगे। 5 को दोपहर 3 बजे स्वास्थ परीक्षण स्वास्थ विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। जिसके बाद रात्रि 8 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# लेखन और स्वाध्याय परंपरा को बढ़ाने की एचएम ने दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हली के हेड मास्टर छन्नूलाल साहू ने मंडई मेला में नाना, नानी, मौसा, मौसी को आमंत्रित करने मोबाइल के इस जमाने में बच्चों से पत्र लेखन कराके अतीत की आमंत्रण व्यवस्था से अवगत कराया।

■ अतीत की घटनाओं को जीवंत रखने बच्चों में पत्र लेखन में रुचि बढ़ाने जुटे प्रधानपाठक

हेड मास्टर ने कहा अतीत भविष्य का दर्पण बन सकता है, लेकिन अतीत की घटनाओं को कोई जीवंत रखे तभी तो संभव है। बाल्यकाल से हाथ में मोबाइल आ गया, बच्चे मोबाइल में इतना एक्सपर्ट हो गए कि बच्चे गुरु के गुरु बन गए। हालत यह है कि शिष्य को लेखन कला में ज्ञान देने वाले स्वयं गुरु टेक्नोलाजी के चकाचौंध में अपना हुनर भुलने लगे है। टेक्नोलाजी के बढ़ते तेज कदम के कारण आज लेखन और स्वाध्याय किसी जमाने की कहानी सी लगने लगी है, जो भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है।




विदित हो कि टेक्नोलाजी की अनावश्यक और वाहियात उपयोग होने से समाज में शारीरिक मानसिक समस्या बढ़ने लगी है। आंख, कान, मस्तिष्क पर धातक असर भी देखे जा रहे हैं। होना तो यह चाहिए कि टेक्नोलाजी का भरपूर उपयोग करें, लेकिन लेखन और स्वाध्याय को किसी हालत में नहीं भूले।

**लिखकर पढ़ने की आदत फायदे मंद होती है-** शासकीय प्राथमिक शाला के सुशिक्षित हेड मास्टर छन्नूलाल साहू ने उक्त चिंतन को अमलीजामा पहनाते हुए अतीत के पन्नों में गुम सा होने वाले पत्र व्यवहार के बारे में बच्चों को जागृत करने के लिहाज से मंडई मेला, यज्ञ पूजा में आने निमंत्रण देने नाना, नानी, मामा, मौसी को पत्र लिखकर आमंत्रित करने की कला सिखाई। हेड मास्टर साहू कि इस सकारात्मक चिंतन को सबने सराहा। लिखकर पढ़ना हर दृष्टि से फायदे मंद है।

**बच्चे अफसर तो बन जायेंगे राइटिंग शर्मिंदा करती रहेगी-** हेड मास्टर ने कहा कि आज लेखन कार्य बच्चों में कम होने लगा है। दुष्परिणाम तह लिखावट कला की सुंदरता स्तरहीन होने लगी है। परीक्षा परिणाम पर भी दुष्प्रभाव दिखने लगा है। अतीत में अनेक बच्चों की राइटिंग टाइप लेटर जैसा लगता था। अतीत की इस सुंदर लेखन कला से वछित बच्चे नहीं हो इसका चिंतन करते हुए स्कूली शिक्षा पर 12 वीं तक प्रभावी ध्यान देना चाहिए।

# शासकीय विद्यालय कोड़िया में बच्चों ने किया खेलों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में दो दिवसीय खेल उत्सव का आयोजन किया गया। शाला की प्राचार्य नीलमणि उछलने ने खेल दिवस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही अनुशासित जीवन जीने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान कबड्डी शतरंज कैरम लंगड़ी दौड़ गोली चम्मच रस्सी कूद एवं माइंड गेम का आयोजन किया गया। शाला के व्यायाम शिक्षक सुनील डड़सेना के मार्गदर्शन में सभी खेलों का क्रियान्वयन और संचालन व्यवस्थित रूप से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के





व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख शीला चंद्रा डॉक्टर रूपमती साहू प्रीतम देवांगन दानेश्वरी सिन्हा वेदिका साहू डॉ सरोज साहू रीना पिलोदिया हर्षा महलवार प्रीति सलाम समीर भेलवा वीरेंद्र गजपाल टीएन साहू हिरेंद्र साहू मनोज एवं सुनीता साहू की सक्रिय सहभागिता रही।







